(b) and (c) Though majority of people in our country are vegetarians, choice of food is a personal matter. The main concern of the Government is to ensure availability of proper and adequate, nutritional food to the people, rather than promoting any particular type of food.

Production of Gur

518. SHRI INDER KUMAR GUJRAL : Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to Food Minister's announcement that production of 'Gur' will in future be either banned or reduced ;

(b) whether Government has endorsed the suggestion ; and

(c) what are the implications of this on the farmer community ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ARVIND NETAM) : (a) Ministry of Food has informed that no such announcement has been made by the Food Minister that Production of 'Gur' in future will be banned or reduced.

(b) and (c) Question do not arise.

अभावग्रस्त जिले

519. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन चौबे** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा इस वर्ष महाराष्ट्र और गुजरात तथा अन्य राज्यों के किन-किन जिलों को अभावग्रस्त जिला घोषित किया गया है ;

(ख) महाराष्ट्र और गुजरात की राज्य सरकारों ने इन क्षेत्रों के लिए राहत के रूप में कितनी केन्द्रीय सहायता की मांग की है; और

(ग) सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) राज्य सरकारों से प्राप्त सूचना के अनुसार आंध्र प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान के कुछ जिलों के कुछ भाग सूखा प्रभावित घोषित किए गए हैं । इन जिलों की सूची संलग्न है (**नीचे देखिये**)

(ख) और (ग) सूखे से प्रभावित क्षेत्रों में राहत उपाय शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता मांगे जाने के संबंध में गुजरात तथा महाराष्ट्र सरकार से कोई ज्ञापन प्राप्त नहीं हुआ है । सूखे की स्थिति को ध्यान में रखते हुए गजरात सरकार को वर्ष 1994–95 के लिए आपदा राहत निधि के केन्द्रीय अंश की दो किस्तें, जो 31.875 करोड़ रुपए है, अग्रिम तौर पर दिनांक 13–6–1994 को जारी कर दी गई है ।

"सूखे से प्रभावित" घोषित जिलों की सूची

1. आंध्र प्रदेश	1. श्रीकाकुलम
	2. विजयनगरम
	3. विशाखापत्तनम
	4. पूर्वी गोदावरी
	5. पश्चिमी गोदावरी
	6. करीमनगर
	7. नलगोंडा
	8. अनन्तपुर
	9. महबूबनगर
	10. मैदक
	11. रंगा रेड्डि
	12. कृष्णा